**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 21 से होंगी आनलाइन परीक्षाएं

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। कोरोना महामारी के मद्देनजर जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसम्बर, 2020 से ऑनलाइन मोड में आयोजित करने जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषणा कर दिया है, जिसके अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में पहले सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोडक़र विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित होगी। शेष सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी किया जायेगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मोड की परीक्षा प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ वेब कैमरा

- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से रखी जाएगी विद्यार्थियों पर नजर**
- **विद्यार्थी मोबाइल पर भी दे सकेंगे परीक्षा, विश्वविद्यालय या कालेज में परीक्षा देने का भी विकल्प**

सक्षम कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल फोन की आवश्यकता होगी। हालांकि, जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल की सुविधा नहीं है, उन्हें ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय या संबंधित संस्थान में जाकर परीक्षा देने का विकल्प होगा। ऐसे मामलों में विद्यार्थी को पहले सूचना देनी होगी ताकि उचित व्यवस्था की जा सके।

ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी विषयों के प्रश्न-पत्र में केवल बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे।


पंजाब केसरी
www.PunjabKesari.com
Fri, 18 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/571

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

## DAINIK TRIBUNE

# ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में होगी परीक्षा

## मुरथल यूनिवर्सिटी ने दिया विद्यार्थियों को मौका

सोनीपत, 17 दिसंबर (हप्र)

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाइन व पारंपरिक तरह से होंगी। ऑनलाइन परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी 21 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षाओं के आयोजन के लिए 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाएं 5 जनवरी से प्रारंभ होंगी।

कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं के लिए दो मोड रखे हैं। विद्यार्थी स्वयं निर्णय करके ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में परीक्षा दे सकते हैं।

ऑनलाइन परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी स्वयं की लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एमएस धनखड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 जनवरी तक चलेंगी। विश्वविद्यालय ने 23 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें से 15 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय में होंगे। जबकि 8 केंद्र विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में होंगे।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए उत्तर पुस्तिका वितरण के लिए 15 नोडल सेंटर बनाए हैं, जिसमें से 14 सेंटर हरियाणा में व एक दिल्ली रोहिणी में है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 18 December 2020 https://epaper.dainiktribu

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए की ऑनलाइन परीक्षाएं 21 से

**तैयारी**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित कराई जाएंगी। कोरोना महामारी के चलते विश्वविद्यालय ने ये योजना बनाई है। परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक सभी पाठ्यक्रमों में पहले सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोड़कर विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित होगी।

बाकी सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।

**डेमो टेस्ट से कराई जाएगी तैयारी :** विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मोड की परीक्षा प्रक्रिया से छात्रों को परिचित करवाने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए छात्रों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ वेब कैमरा सक्षम कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल फोन की आवश्यकता होगी। हालांकि, जिन छात्रों के पास इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल की सुविधा नहीं है, उन्हें ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय या संबंधित संस्थान में जाकर परीक्षा देने का विकल्प भी दिया जाएगा। ऐसे मामलों में विद्यार्थी को पहले सूचना देनी होगी ताकि उचित व्यवस्था की जा सके।

## 50 प्रश्न हल करने होंगे एक घंटे में

मोबाइल से परीक्षा का विकल्प चुनने वाले छात्रों को गूगल प्ले या आईओएस स्टोर से हायरमी ऑनलाइन आसेसमेंट प्लेटफॉर्म एप डाउनलोड करनी होगी। ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी विषयों के प्रश्न-पत्र में केवल बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रश्न पत्र में पूरे सिलेबस पर आधारित 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें एक घंटे के भीतर हल करना होगा। आनलाइन परीक्षा देने के इच्छुक छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पंजीकरण लिंक पर अपना विवरण दर्ज करवाना होगा। संबद्ध कालेजों के छात्रों को अपना पंजीकरण एवं विवरण अपने संबंधित संस्थानों के माध्यम से ही करवाना होगा।

## ई-प्रॉक्टरिंग से छात्रों पर रखेंगे नजर

परीक्षा के दौरान छात्रों पर नजर रखने के लिए ई-प्रॉक्टरिंग सुविधा का उपयोग किया जाएगा। परीक्षा के दौरान हर छात्र की फोटो या वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से ई-सर्विलांस की जायेगी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग होगा। इसके साथ-साथ ऑनलाइन निरीक्षक भी परीक्षाओं पर नजर रखेंगे।

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

## DAINIK BHASKAR

# कोरोना के मद्देनजर जेसी बोस विवि में 21 दिसंबर से होंगी ऑनलाइन परीक्षाएं

**फरीदाबाद**| कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसंबर से ऑनलाइन मोड में आयोजित करने जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में पहले सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोड़कर विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसंबर से ऑनलाइन होंगी। शेष सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी होगा। परीक्षा नियंत्रक डा. राजीव सिंह के अनुसार ऑनलाइन मोड की परीक्षा प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट भी किए जा रहे हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ वेब कैमरा, सक्षम कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल फोन की आवश्यकता होगी।

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 21 से होंगी ऑनलाइन परीक्षाएं

फरीदाबाद, 17 दिसम्बर (ब्यूरो): कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित करने जा रहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषणा कर दिया है, जिसके अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में पहले सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोड़कर विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित होगी। शेष सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बीटेक एवं एमसीए के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मोड की परीक्षा प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ वेब कैमरा सक्षम कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल फोन की आवश्यकता होगी। हालांकि, जिन विद्यार्थियों के पास इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ कंप्यूटर या लैपटॉप या टैबलेट या मोबाइल की सुविधा नहीं है, उन्हें ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय या संबंधित संस्थान में जाकर परीक्षा देने का विकल्प होगा।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से रखी जाएगी विद्यार्थियों पर नजर**

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में ऑनलाइन परीक्षाएं 21 से

फरीदाबाद। कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसंबर से ऑनलाइन होंगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसके अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में पहले सेमेस्टर व बीटेक और एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोड़कर विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं कराई जाएंगी। शेष सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर व बीटेक और एमसीए के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।

**परीक्षा कार्यक्रम जारी ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट आयोजित किए जा रहे**

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित करवाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र और डेमो टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ वेब कैमरा सक्षम कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल की आवश्यकता होगी। ब्यूरो

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस में 21 दिसंबर से होंगी ऑनलाइन परीक्षाएं

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस यूनिवर्सिटी विषम सेमेस्टर की री-अपीयर सहित सभी लिखित परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन मोड में आयोजित करने जा रहा है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी की तरफ से परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके अनुसार सभी कोर्सेज में पहले सेमेस्टर, बीटेक व एमसीए के तीसरे सेमेस्टर को छोड़कर विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसंबर से ऑनलाइन आयोजित होंगी।

यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मोड की परीक्षा प्रक्रिया से छात्रों को परिचित करवाने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र व डेमो टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। हालांकि, जिन छात्रों के पास इंटरनेट कनेक्टिविटी व कंप्यूटर आदि की सुविधा नहीं है, उनके पास ऑनलाइन परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए यूनिवर्सिटी या संबंधित संस्थान में जाकर परीक्षा देने का विकल्प होगा। ऐसे मामलों में छात्रों को पहले सूचना देनी होगी ताकि उचित व्यवस्था की जा सके। मोबाइल द्वारा परीक्षा का विकल्प रखने वाले छात्रों को गूगल प्ले या आईओएस स्टोर से 'HireMee Online Assessment platform' ऐप डाउनलोड करना होगा। प्रश्न पत्र में सिलेबस पर आधारित 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें एक घंटे के अंदर हल करना होगा।